Roll No. ....

D–863

M. A. (Fourth Semester) (Main/ATKT) EXAMINATION, May-June, 2020

HINDI

Paper Seventh

(मीडिया—लेखन एवं अनुवाद)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 80*

नोट : निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–अ प्रत्येक 1

(वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. रेडियो है :
   - (अ) दृश्य माध्यम
   - (ब) श्रव्य माध्यम
   - (स) चित्र माध्यम
   - (द) श्रव्य और दृश्य माध्यम

2. मुद्रण माध्यम है :
   - (अ) रेडियो
   - (ब) टेलीविजन
   - (स) समाचारपत्र
   - (द) फिल्म

3. भारत में रेडियो का प्रसारण कब शुरू हुआ ?
   - (अ) 23 जुलाई, 1927
   - (ब) 15 अगस्त, 1947
   - (स) 14 सितम्बर 1949
   - (द) 25 अगस्त 1927

4. इंटरनेट की शुरुआत भारत में हुई :
   - (अ) 15 अगस्त 1995
   - (ब) 10 अगस्त 1995
   - (स) 15 अगस्त 1947
   - (द) 26 जनवरी 1950

5. विज्ञापन में किस प्रकार की भाषा प्रयुक्त होती है ?
   - (अ) व्यवहारिक
   - (ब) शुद्ध हिन्दी
   - (स) शुद्ध अंग्रेजी
   - (द) अंग्रेजी मिश्रित शुद्ध हिन्दी

6. 'जन संचार माध्यमों में हिन्दी' के लेखक हैं :
   (अ) डॉ. भोलानाथ तिवारी
   (ब) डॉ. संजीव कुमार जैन
   (स) डॉ. चन्द्र कुमार
   (द) डॉ. संजीव भागवन्त

7. भारत में टेलीविजन की शुरुआत कब हुई ?
   (अ) 15 सितम्बर 1959
   (ब) 26 जनवरी 1950
   (स) 15 अगस्त 1947
   (द) 14 सितम्बर 1962

8. इंटरनेट के उपयोग के प्रमुख क्षेत्र हैं :
   (अ) ई-मेल
   (ब) ई-कॉमर्स
   (स) ई-बैंकिंग
   (द) ये सभी

9. प्रेस ट्रस्ट ऑफ इण्डिया की स्थापना कब हुई ?
   (अ) 27 अगस्त 1947
   (ब) 15 अगस्त 1947
   (स) 30 अगस्त 1947
   (द) 11 अगस्त 1947

10. छापाखाना का आविष्कार किसने किया ?
   (अ) थॉमस एल्वा एडीसन
   (ब) मार्क टेलर
   (स) मार्क ट्विन
   (द) गुटेनबर्ग

11. 'डाक्यूमेंट्री' शब्द का हिन्दी रूपान्तर है :
   (अ) वृत्त चित्र
   (ब) शब्द चित्र
   (स) अर्थ चित्र
   (द) शब्द और अर्थ चित्र

12. कार्यालयीन हिन्दी शुद्ध रूप में होती है :
   (अ) प्रयोजनमूलक
   (ब) दोषपूर्ण
   (स) ज्ञानमूलक
   (द) विशिष्ट

13. 'अनुवाद' शब्द का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ है :
   (अ) पुनः कथन
   (ब) पश्चात् कथन
   (स) भावी कथन
   (द) इनमें से कोई नहीं

14. "एक भाषा में व्यक्त भावों या विचारों को दूसरी भाषा में समान एवं सहज रूप से व्यक्त करने का प्रयास अनुवाद है।" यह किसकी परिभाषा है ?
    (अ) डॉ. भोलानाथ तिवारी
    (ब) डॉ. सुरेश कुमार
    (स) डॉ. कृष्ण कुमार गोस्वामी
    (द) डॉ. गार्गी गुप्त

15. वाणिज्य की भाषा में मुँह के बल गिरना का अर्थ है :
    (अ) भावों में अचानक कमी आ जाना
    (ब) बहुत बढ़ जाना
    (स) क्रय-विक्रय की स्थिति में स्थिरता
    (द) बहुत अधिक सस्ता होना

16. पारिभाषित शब्दावली की परिभाषा है :
    (अ) नई शब्दावली
    (ब) संस्कृतनिष्ठ शब्दावली
    (स) विषय विशेष के क्षेत्र में निश्चित अर्थ का बोध कराने वाली शब्दावली
    (द) किसी विषय की शब्दावली

17. Secretary General का हिन्दी पदनाम है :
    (अ) सचिव
    (ब) महासचिव
    (स) उपसचिव
    (द) संयुक्त सचिव

18. Despatch Clerk का हिन्दी रूपान्तरण क्या है ?
    (अ) लिपिक
    (ब) तालमेल लिपिक
    (स) आशु लिपिक
    (द) प्रेषक लिपिक

19. दुभाषिये दो व्यक्तियों के मध्य क्या स्थापित करते हैं ?
    (अ) भाषा-सम्बन्ध
    (ब) सौहार्द्र
    (स) वार्ता-सम्बन्ध
    (द) इनमें से कोई नहीं

20. Cash Credit का हिन्दी रूपान्तरण क्या है ?
    (अ) नकद भुगतान
    (ब) नकद साख
    (स) रोजनमचा
    (द) नकद ऋण

खण्ड—ब प्रत्येक 2

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अधिकतम 2-3 पंक्तियाँ लिखिए।

1. संचार किसे कहते हैं ?

2. श्रव्य माध्यम क्या है ?

3. टेली-ड्रामा किसे कहते हैं ?

4. पार्श्ववाचन का आश्रय क्यों लिया जाता है ?

5. अनुवाद के कोई **दो** उद्देश्य लिखिए।

6. वाणिज्यिक अनुवाद किसे कहते हैं ?

7. अच्छे दुभाषिये के कोई **दो** गुण लिखिए।

8. पदनाम किसे कहते हैं ?

खण्ड—स प्रत्येक 3

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए।

1. विज्ञापन लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए ?

2. उद्घोषणा लेखन का महत्व बताइये।

3. टेलीविज़न कार्यक्रमों के लिए संवाद-लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. दृश्य माध्यमों में भाषा की प्रकृति पर प्रकाश डालिए।

5. अनुवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

6. वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुवाद के महत्व पर प्रकाश डालिए।

7. सारानुवाद क्या है ? समझाइए।

8. कार्यालयीन अनुवाद की भाषा पर प्रकाश डालिए।

खण्ड—द प्रत्येक 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक की शब्द सीमा 150 है। सभी प्रश्नों के आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।

1. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों का वर्गीकरण एवं परिचय दीजिए।

अथवा

समाचार लेखन एवं वाचन पर प्रकाश डालिए।

2. पटकथा-लेखन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विज्ञापन की भाषा पर प्रकाश डालिए।

3. हिन्दी की प्रयोजनीयता में अनुवाद की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'कार्यालयीन हिन्दी और अनुवाद' पर टिप्पणी लिखिए।

4. दुभाषिया-प्रविधि की विवेचना कीजिए।

अथवा

कविता एवं कहानी के अनुवाद पर प्रकाश डालिए।